प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, दिनांक: 26 नवंबर 2020

4 स्टेशनों और डिपो सहित 47% एमएएचएसआर संरेखण के डिजाइन और निर्माण के लिए एनएचएसआरसीएल ने देश के सबसे बड़े बुनियादी ढांचे के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

मुंबई - अहमदाबाद (508 किलोमीटर लंबे) हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के वापी (महाराष्ट्र-गुजरात बॉर्डर पर जारोली गाँव) तथा गुजरात राज्य में वडोदरा के बीच 237 किमी लंबे वायाडक्ट के डिजाइन और निर्माण के लिए नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आज लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। **इस अनुबंध में वापी, बिलिमोरा, सूरत एवं भरूच समेत चार (4) स्टेशन, सूरत डिपो , 14 नदी क्रॉसिंग, 42 सड़क क्रॉसिंग और 6 रेलवे क्रॉसिंग शामिल हैं जिनमें 350 मीटर लंबी पहाड़ी सुरंग भी शामिल है।**

महामहिम श्री सतोषी सुजुकी, भारत में जापान के राजदूत, श्री वी.के. यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, श्री अचल खरे, प्रबंध निदेशक, प्रो. अशोक कुमार चावला जी, सलाहकार जापान, पूर्वी एशिया प्रभाग, विदेश मंत्रालय, एनएचएसआरसीएल, एनएचएसआरसीएल के निदेशक मंडल, श्री एस.एन. सुब्रह्मण्यम, सीईओ तथा एमडी, लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड और निती आयोग, रेल मंत्रालय, जेआईसीए, जेआईसीसी तथा एनएचएसआरसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दिल्ली में एनएचएसआरसीएल के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में भाग लिया। (आवश्यकता पड़ने पर संशोधन किया जाएगा)

इस निविदा के लिए तकनीकी बोली 23 सितंबर 2020 को खोली गई थी तथा एक महीने से भी कम समय में यानी 19 अक्टूबर 2020 को वितीय बोली खोली गई थी, तकनीकी बोलियों के मूल्यांकन के बाद स्वीकृति पत्र 28 अक्टूबर 2020 को जारी किया गया था।

अनुबंध शुरू होने की तारीख से कार्यों के पूरा होने की अवधि चार (4) वर्ष है।

इस खंड के निर्माण चरण के दौरान, संरेखण के आसपास के क्षेत्र सामाजिक और आर्थिक विकास के गवाह बनेंगे। न केवल इंजीनियरों, तकनीशियनों, डिजाइनरों, वास्तुकारों आदि जैसे पेशेवरों के लिए, बल्कि कुशल और अर्ध-कुशल कर्मचारियों और निर्माण श्रमिकों के लिए भी रोजगार सृजन होगा। निर्माण सामग्री और मशीनरी जैसे सीमेंट, स्टील, भारी निर्माण मशीनरी, क्रेन, ट्रेलर आदि की मांग

में वृद्धि होगी। आतिथ्य, मनोरंजन, स्वास्थ्य, पर्यटन, अचल संपत्ति एवंआवास तथा शिक्षा जैसे सहायक उद्योग भी निर्माण के दौरान पनपेंगे।

अनुलग्नक:

हस्ताक्षर समारोह की ग्रुप फोटो।

***